CCL
Fuelling Sustainable Growth
CENTRAL COALFIELDS LTD.

ITUWTSA
NEW DELHI 2024

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम / कोल इंडिया लि. की एक अनुषंगी कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय : दरभंगा हाउस, राँची 834 001 (झारखण्ड)
CIN : U10200JH1956GOI000581
राजभाषा विभाग, द्वितीय तल, स्वर्णरेखा भवन
फोन : 0651-2365376
वेबसाइट : www.centralcoalfields.in

संख्या : सीसीएल/रा.भा./01/2024/ 285 दिनांक: 11.09.2024

# परिपत्र

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीसीएल मुख्यालय, रांची में 14 सितंबर, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यालय/क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए पखवाड़े के दौरान निम्नांकित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी :

| क्र. सं. | दिनांक | समय | प्रतियोगिता | वर्ग | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19.09.2024 | अपराहन् 3.30 बजे से | निबंध प्रतियोगिता | मुख्यालय में पदस्थापित सभी वर्ग के हिंदी भाषी कार्मिकों के लिए | मा.सं.वि. विभाग |
| 2. | 19.09.2024 | अपराहन् 3.30 बजे से | निबंध प्रतियोगिता | मुख्यालय में पदस्थापित सभी वर्ग के हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए | |
| 3. | 23.09.2024 | अपराहन् 3.30 बजे से | यात्रा-वृतांत लेखन | मुख्यालय में पदस्थापित ई-7 एवं वरिष्ठ अधिकारीगण | |
| 4. | 25.09.2024 | अपराहन् 3.30 बजे से | टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता | मुख्यालय में पदस्थापित सभी वर्ग के कार्मिकों के लिए | |
| 5. | 26.09.2024 | पूर्वाहन 11.00 बजे से | स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता | मुख्यालय एवं क्षेत्र में पदस्थापित सभी वर्ग के कार्मिकों के लिए | |
| 6. | 27.09.2024 | अपराहन् 03.00 बजे से | हिंदी टंकण प्रतियोगिता | मुख्यालय में पदस्थापित सभी वर्ग के कार्मिकों के लिए | राजभाषा विभाग |
| 7. | 30.09.2024 | पूर्वाहन 11.00 बजे से | प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | चयनित मुख्यालय एवं क्षेत्र की टीमों के लिए | मा.सं.वि. विभाग |

इन प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त, सीसीएल मुख्यालय में कार्यरत समस्त कार्मिकों के पति/पत्नी के लिए एक काव्य-पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतिभागिता संबंधी अधिक जानकारी हेतु परिपत्र के साथ संलग्न **अनुलग्नक-क** में दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़ें।

सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि प्रतियोगिता अनुरूप अपने अधीनस्थ क्षेत्र/विभाग/इकाई में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

**नोट:**

1. दिनांक 16.08.2024 को निर्गत परिपत्र संख्या सीसीएल/रा.भा।/01/2024/265 द्वारा सभी क्षेत्रीय कार्यालय/केन्द्रीकृत इकाइयों में सितंबर-2024 माह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधित सूचना दी जा चुकी है।

2. पुरस्कार राशि के संबंध में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा दिनांक 22.11.2016 को निर्गत पत्र संख्या सीआईएल/रा.भा./003/2016/487-498 परिपत्र के साथ संलग्न है। आयोजित प्रतियोगिताओं में होने वाले व्यय का वहन क्षेत्र/केंद्रीकृत इकाई अपने बजट से करेंगें।

3. क्षेत्रीय कार्यालय/केन्द्रीकृत इकाइयां आयोजन से संबंधित कार्यक्रम की सूचना राजभाषा विभाग, मुख्यालय को प्रेषित करेंगें।

4. मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा का समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 05.10.2024 को किया जाएगा। सभी क्षेत्रीय कार्यालय व केंद्रीकृत इकाइयां 30.09.2024 तक अपने कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा का समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन करना सुनिश्चित करें।

5. क्षेत्रीय कार्यालय/केन्द्रीकृत इकाइयां आयोजित प्रतियोगिताओं की स्पष्ट व उच्च गुणवत्ता युक्त फोटो/विडियो राजभाषा विभाग, मुख्यालय को ईमेल के द्वारा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। फोटो तथा विडियो का प्रदर्शन मुख्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण-सह-समापन समारोह के दौरान किया जाएगा।

6. स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक प्रतिभागीगण अपनी रचनाओं की दो प्रतियाँ मंगल फॉन्ट में टाइप करवा कर राजभाषा विभाग,सीसीएल को प्रतियोगिता के पहले उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।

7. परिस्थिति अनुसार कार्यक्रम में आवश्यक बदलाव किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजन का सर्वाधिकार राजभाषा विभाग, सीसीएल के पास सुरक्षित रहेगा।

(संजय कुमार ठाकुर)
महाप्रबंधक (राजभाषा)

**वितरण** :

1. अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक/ निदेशक(वित्त)/ निदेशक(का.)/ निदेशक तक.(संचालन)/ निदेशक (यो./परि.)/ मु.सतर्कता अधिकारी, सीसीएल, रांची के तकनीकी सचिव।
2. महाप्रबंधक, समस्त क्षेत्र।
3. समस्त महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, सीसीएल, रांची।
4. महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल मुख्यालय - प्रतियोगिता के आयोजन हेतु कक्ष उपलब्ध कराने के अनुरोध सहित।
5. स्टाफ अधिकारी(का.), समस्त क्षेत्र।
6. नोडल अधिकारी प्रणाली विभाग (वेबसाइट में प्रकाशनार्थ) ।
7. समस्त सूचना पट्ट, मुख्यालय दरभंगा हाउस, रांची।

**अनुलग्नक – क**

**(क) सामान्य अनुदेश :**

1. सीसीएल मुख्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में **'वर्ग'** स्तंभ में वर्णित प्रतिभागीगण ही भाग लें सकेंगे।
2. प्रतियोगिता के नियम सभी संवर्ग के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए समान होंगे।
3. प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 5 प्रतिभगियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 5 से कम प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता रद्द मानी जाएगी।
4. राजभाषा विभाग एवं राजभाषा संवर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं।
5. सीसीएल मुख्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में राजभाषा नोडल अधिकारी भाग ले सकते हैं।
6. प्रतियोगिता में 40% से कम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को किसी भी कोटि का पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।

**(ख) सीसीएल मुख्यालय में कार्यरत कार्मिकों के पति/पत्नी हेतु ऑनलाइन काव्य-पाठ प्रतियोगिता**

1. इस प्रतियोगिता में केवल सीसीएल मुख्यालय में कार्यरत कार्मिकों के पति/पत्नी ही भाग ले सकते/सकतीं हैं।
2. कविता किसी भी रचनाकार की अथवा स्वरचित हो सकती है।
3. भाग लेने हेतु संलग्न निम्न प्रारूप में काव्यपाठ का वीडियो (अधिकतम 3 मिनट लंबाई का .MP4 फॉर्मेट में ) राजभाषा विभाग को स्वयं/ कार्यरत कार्मिक/ईमेल अथवा ड्राइव के लिंक द्वारा 30.09.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
4. वीडियो में पढ़ी गयी कविता/कविता के अंश की पीडीएफ़/हार्ड-कॉपी वीडियो के साथ निम्न प्रारूप में जमा की जानी चाहिए।

**प्रारूप**

| | |
|---|---|
| प्रतिभागी का नाम | |
| सीसीएल मुख्यालय में कार्यरत कार्मिक का नाम, ईआईएस/पीआईएस संख्या पदनाम एवं पदस्थापन का स्थान | |
| कार्यरत कार्मिक के साथ संबंध (पति/पत्नी) | |
| व्यवसाय | |
| फोन नंबर | |
| ईमेल आईडी | |
| पढ़ी गयी कविता का नाम | |
| रचनाकार का नाम (यदि स्वरचित हो तो स्वरचित लिखें ) | |
| **कविता/कविता का अंश** | |

हस्ताक्षर

कार्यरत कार्मिक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित

# कोल इण्डिया लिमिटेड

महारत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट पहचान सं. L23109WB1973GOI028844
एक्शन एरिया-1ए, न्यू टाउन, राजरहाट, कोलकाता-700156
फोन: 033-23244112, फैक्स: 033-2324 6527
वेबसाइट: www.coalindia.in

# Coal India Limited

A Maharatna Company
(A Govt.of India Enterprise)
Corporate Identity No.- L23109WB1973GOI028844
Action Area-1A,New Town,Rajarhat,Kolkata-700156
PHONE; 033 2324 4112, FAX- 033-2324 6527
WEBSITE: www.coalindia.in


दिनांक: २२-11-2016

संख्या-सीआईएल/राभा/003/2016/481-498

सेवा में,

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक,
ईसीलए,बीसीसीएल,सीसीएल,एनसीएल,एमसीएल,एसईसीएल,डब्ल्यूसीएल,सीएमपीडीआईएल
महाप्रबंधक, एनईसी ।

विषय: पुरस्कार राशि की एकरूपता के संबंध में ।

CMD/CCL/ 1428
Dt. 24/11/16

महोदय,

यह अवगत कराना है कि कोयला मंत्रालय के उच्च अधिकारियों के साथ राजभाषा की समीक्षा बैठक के दौरान यह बात सामने आई है कि विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को दी जाने वाली पुरस्कार राशि में असमानता है ।

उपर्युक्त संबंध में यह उल्लेख करना है कि वर्तमान में कोल इंडिया मुख्यालय एवं क्षेत्रीय विक्रय कार्यालयों में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को दी जाने वाली प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार की राशि क्रमश: ₹-5000/-, ₹-4000/- एवं ₹-3000/- एवं सांत्वना राशि ₹-800/- है ।

अत: आपसे आग्रह है कि अपनी कंपनी में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि इसी अनुरूप देने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि पूरी कंपनी में एकरूपता बनी रहे ।

सि० (का०)

भवदीय,

(आर. मोहन दास)
निदेशक(कार्मिक एवं औ.सं.)